दिन– शुक्रवार  दिनांक– 17 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।  अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने सहित तीन विधेयकों पर संसद में चर्चा समाप्त। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चर्चा का दे रहे हैं जवाब।

02 लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए सरकार पर इन विधेयकों से चुनावी मानचित्र बदलने का आरोप लगाया।

03. हरिवंश नारायण सिंह तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति चुने गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बधाई दी।

04. और, राज्य में जनगणना–दो हजार सत्ताईस की आज से शुरूआत। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऑनलाइन किया शुभारंभ।

---

लोकसभा में आज एक सौ इकतीसवीं संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस, परिसीमन विधेयक, दो हजार छब्बीस और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस पर चर्चा हो रही है। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। तीनों विधेयकों पर अब से थोड़ी देर बाद मतदान होगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण विधेयक नहीं है और इसका महिला सशक्तिकरण से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इन विधेयकों को संसद में लाकर चुनावी मानचित्र बदलने का प्रयास किया जा रहा है। श्री गांधी ने आरोप लगाया कि इससे दलितों और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को समाज में उनके उचित स्थान से वंचित किया जाएगा।

––साउंड बाइट––

---

पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि ये तीनों विधेयक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से लाए गए हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर सामाजिक बदलाव लाने वाले किसी भी कार्य का समर्थन नहीं करने का आरोप लगाया।

––साउंड बाइट––

इधर, महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि महिलाएं न केवल देश के विकास में भागीदार हैं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने विधेयक को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह समावेशी शासन और महिला नेतृत्व वाले विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश भर की लाखों महिलाओं की दशकों पुरानी आकांक्षाओं को पूरा करता है।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाया है। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री शाह ने कहा कि संसद के सभी सदस्यों ने इसका स्वागत किया है, लेकिन विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने स्पष्ट रूप से महिला आरक्षण का विरोध किया है।

——साउंड बाइट——

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उन्नीस सो बहत्तर में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने लोकसभा की सीटें बढ़ाने के लिए परिसीमन विधेयक लाया था। श्री शाह ने कहा कि उन्नीस सौ छिहत्तर में आपालकाल के दौरान कांग्रेस पार्टी ने परिसीमन पर रोक लगा दी।

——साउंड बाइट——

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने महिलाओं को आरक्षण देकर मुख्यधारा में लाने की शुरूआत की थी। श्री चौधरी ने पटना में कहा कि केंद्र सरकार भी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कर रही है। इसमें सभी पार्टियों को समर्थन करना चाहिए।

——सउंड बाइट——

---

जदयू सांसद संजय झा ने महिला आरक्षण विधेयक का स्वागत करते हुए इसे लंबे समय से प्रतीक्षित कदम बताया है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री झा ने कहा कि महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण प्रदान करने का यह कदम काफी विलंब के बाद आया है और इसे सर्वसम्मति से समर्थन मिलना चाहिए।

——साउंड बाइट——

स्वागत युक्त कदम है। महिला आरक्षण जो है वनदृथर्ड और मुझे लगता है कि बहुत ऑल रेडी लेट हो गया। मैं बिहार से आता हूं और बिहार के 50 परसेंट से ज्यादा महिलाएं पंचायत जीतकर आती हैं। 2025 का चुनाव हुआ ना बिहार का अभी, दस परसेंट ज्यादा महिलाएं वोट की हैं। आप समझ सकते हैं उनका रूझान कितना बड़ा है।

————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्षी पार्टियों के विरोध पर कहा कि आने वाले समय में देश की आधी आबादी उन्हें सबक सिखाएगी। श्री सरावगी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री ने भी इस बिल को पास कराने के लिए सभी दलों से आग्रह किया है।

——साउंड बाइट——

————————————————————

पटना में आज नारी शक्ति वंदन थीम पर आधारित नारी शक्ति फॉर विकसित भारत दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ युवा कार्य और खेल मंत्रालय और माई भारत के सहयोग से आयोजित की गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जेपी गंगा पथ से दौड़ को रवाना किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। इसमें पूर्व खेल मंत्री श्रेयसी सिंह और लगभग चार हजार महिलाओं तथा छात्राओं ने भाग लिया।

————————————————————

आकाशवाणी का प्रादेशिक समाचार एकांश अपने साप्ताहिक कार्यक्रम सामयिक चर्चा के तहत **"नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन"** विषय पर चर्चा का प्रसारण करेगा। यह विशेष कार्यक्रम कल शाम संध्या समाचार के बाद सात बजकर बावन मिनट से सुना जा सकता है।

————————————————————

हरिवंश नारायण सिंह लगातार तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति चुने गए हैं। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। राज्यसभा के उपसभापति का पद नौ अप्रैल को समाप्त होने के बाद रिक्त हो गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की सेवानिवृत्ति से रिक्त हुए इस पद के लिए श्री हरिवंश को मनोनीत किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री हरिवंश को बधाई देते हुए कहा कि उनका वर्षों का अनुभव आज सदन के लिए पूरी तरह से प्रमाणित हो

गया है। उन्होंने कहा कि सभी ने उनके नेतृत्व में सदन को अधिक प्रभावी होते देखा है।

——साउंड बाइट——

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी श्री हरिवंश को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उपसभापति विपक्ष के हितों का ध्यान रखेंगे और सदन में उन्हें पर्याप्त समय आवंटित करेंगे।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज सचिवालय से भारत की जनगणना—दो हजार सत्ताईस का ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। श्री चौधरी ने कहा कि जनगणना सुशासन की आधारशिला है, जो आगामी वर्षों में विकास योजनाओं, नीतियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दो मई से इकतीस मई तक किया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज सीएम सचिवालय में जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर पूर्व विधायकों, पूर्व विधान पार्षदों और अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री को फुल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।

---

राज्य में नई सरकार के गठन के साथ ही शासन और प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेश की सभी जेलों में एक साथ तलाशी अभियान चलाया गया। मुजफ्फरपुर, सीवान, भोजपुर, बक्सर, भागलपुर और सीतामढ़ी जेल में हुई छापेमारी से सरकार ने कानून—व्यवस्था को मजबूत बनाने के संकल्प को प्रदर्शित किया है।

---

जदयू विधायक दल की बैठक बीस अप्रैल को बुलाई गई है। इस बैठक में विधायक दल का नया नेता चुना जाएगा। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और राज्यसभा जाने के बाद यह पद खाली है।

---

वर्ष दो हजार छब्बीस की हज यात्रा कल से शुरू हो रही है। जायरीन का पहला जत्था देश भर के विभिन्न स्थानों से सऊदी अरब के लिए रवाना होगा। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने बताया इस बार बिहार से दो हजार पांच सौ बावन जायरीन सहित देशभर से एक लाख पचहत्तर हजार से अधिक लोग भारत से हज यात्रा में शामिल हो रहे है। मंत्रालय ने बताया है कि हज यात्रियों की सुविधा के लिए सभी हवाई अड्डों पर विशेष प्रबंध किये गये हैं।

---

गोपालगंज जिले के सबेया हवाई अड्डा को शुरू करने का प्रयास तेज हो गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की टीम ने आज हवाई अड्डे का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी पवन सिन्हा ने बताया कि हवाई अड्डा के लिए दो सौ चौहत्तर एकड़ जमीन की जमाबंदी रक्षा मंत्रालय के नाम से कर दी गई है। वहीं, शेष एक सौ अंठावन एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया जा रहा है।

---

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान लगभग दो सौ सत्तानवे लीटर विदेशी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इधर, सीवान के गोरिया कोठी थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक वाहन से एक हजार दो सौ अठारह लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

सुपौल जिले के भीमनगर स्थित सहरसा चौक पर एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में आग लगने से करीब पंद्रह लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गयी। वहीं, जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के सिमराही स्थित एनएच–सत्ताईस पर सड़क हादसे में एक आशा कार्यकर्ता की मौत हो गई।

---

भागलपुर के बरारी गंगा घाट पर स्नान के दौरान फुलवरिया गांव निवासी चौदह वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. लोकसभा में आज एक सौ इकतीसवीं संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस, परिसीमन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, के पक्ष में दो सौ अठहत्तर वोट पड़े। दो सौ ग्यारह सदस्यों ने जताया विरोध।

02 लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए सरकार पर इन विधेयकों से चुनावी मानचित्र बदलने का आरोप लगाया।

03. हरिवंश नारायण सिंह तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति चुने गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बधाई दी।

04. और, राज्य में जनगणना–दो हजार सत्ताईस की आज से शुरूआत। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऑनलाइन किया शुभारंभ।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।